सैमसन और नमन की आंधी में उड़ गया न्यूजीलैंड

क्राइस्टचर्चए। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की शुरुआती ओवरों में तूफ़नी बल्लेबाजी के बाद आखिरी ओवरों में नमन धीर की आक्रामक बल्लेबाजी के दम पर भारत ने पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के पहले मुकाबले में बृहस्पतिवार को यहां न्यूजीलैंड को चार विकेट से शिकस्त दी पहले फ़िन एलेन और ग्लेन फ़िलिप्स की विस्फ़ोटक बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने चार विकेट पर 225 रन बनाए। इसके साथ ही उसने भारत के खिलाफअपने सर्वोच्च स्कोर की बराबरी की। यह घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड का अब तक का सर्वोच्च स्कोर भी रहा। भारत ने 19.4 ओवर में छह विकेट पर 230 रन बनाकर इस प्रारूप में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत हासिल की। सैमसन ने 33 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 67 रन बनाने के अलावा अभिषेक के साथ पहले विकेट के लिए 35 गेंदों में 93 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 12 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 29 रन बनाए। इसके बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने 28 गेंदों में 42 रन की पारी खेलकर मध्यक्रम को संभाला उन्होंने अक्षर पटेल14 गेंदों में 24 रन के साथ 24 गेंदों में 45 रन की साझेदारी कर भारत की मैच में वापसी कराई। आखिरी ओवरों में नमन धीर ने 15 गेंदों में नाबाद 42 रन की तूफ़नी पारी खेलकर टीम प्रबंधन के भरोसे को सही साबित किया उन्होंने अय्यर के साथ छठे विकेट के लिए 23 गेंदों में 43 रन जोड़े। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल ब्रेसवेल और कप्तान मिचेल सैंटनर ने दो-दो विकेट लिए। नियमित तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिए जाने के कारण भारतीय गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी साफ़-दिखाई दी। फ़िन एलेन ने 24 गेंदों में 45 रन बनाए जबकि ग्लेन फ़िलिप्स ने 40 गेंदों में नाबाद 82 रन की तूफ़ानी पारी



खेली। दोनों बल्लेबाजों के आक्रामक तेवरों के सामने भारतीय गेंदबाज बेअसर नजर आए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक और सैमसन ने एक बार फिर भारत को तेज शुरुआत दिलाई। सैमसन ने पहले ओवर में मैट हेनरी के खिलाफ चौका लगाकर हाथ खोलेए जबकि अभिषेक ने छक्के के साथ ओवर का समापन किया लॉकी फ़र्ग्यूसन के खिलाफ सैमसन ने लगातार गेंदों पर चौकाए छक्का और चौका लगाया। इससे भारत ने तीसरे ओवर में 22 रन बटोर लिए। अभिषेक ने अगले ओवर में एडम मिल्ने के खिलाफ चौका लगाया। इसके बाद एक वाइड गेंद भी सीमा रेखा के पार चली गई और भारत ने 3.1 ओवर में ही बिना किसी नुकसान के 50 रन पूरे कर लिए। अभिषेक ने आक्रामक तेवर जारी रखते हुए ओवर का समापन लगातार दो छक्कों के साथ किया। रनों की गति पर अंकुश लगाने के लिए गेंद ब्रेसवेल को सौंपी गई। इस स्पिनर ने सैमसन से छक्का और चौका खाने के बाद अभिषेक को चकमा देकर भारत को पहला झटका दिया। पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर एक विकेट पर 94 रन था। सैंटनर और ब्रेसवेल की स्पिन जोड़ी कुछ हद तक भारत की रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रही। इसका फ़ायदा न्यूजीलैंड को सैमसन और फ़िर तिलक वर्मा 11 गेंदों में छह रन तथा ईशान किशन तीन गेंदों में एक रन के विकेट हासिल करने के रूप में मिला। भारत ने सातवें से 11वें ओवर के बीच 34 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए। बढ़ती जरूरी रन गति के दबाव के बीच अक्षर ने सैंटनर के खिलाफ चौका और ब्रेसवेल के खिलाफ छक्का लगाया। दूसरे छोर से अब तक संयमित अंदाज में खेल रहे अय्यर ने 14वें ओवर में हेनरी के खिलाफ दो शानदार छक्के जड़कर दबाव कम किया। फ़र्ग्यूसन ने अगले ओवर में अक्षर को आउट कर उनके और अय्यर के बीच 24 गेंदों में हुई 45 रन की साझेदारी तोड़ दी। क्रीज पर आए नमन धीर ने सैंटनर के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर उनके गेंदबाजी आंकड़ों को बिगाड़ दिया।

संक्षिप्त स्कोर - न्यूजीलैंड 225/4 रन
टिम सीफर्ट 24,फ़िन एलन 45, डेरिन मिचेल 28,ग्लेन फ़िलिप्स नाबाद 82, बेवोन जैकब्स 31 रन । गेंदबाजी- अर्शदीप-1, मयंक-1, अक्षर पटेल-1 विकेट। भारत 230/6 रन संजू सैमसन 67, अभिषेक शर्मा 29, श्रेयस अय्यर 42, अक्षर पटेल 24,नमन धीर नाबाद 42 रन। गेंद बाजी- मिचेल ब्रेसवेल-2, मिचेल सेंटनर-2 विकेट



नमन के धैर्य और संयम से प्रभावित हुए अय्यर




क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के खिलाफ़ पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने बृहस्पतिवार को हरफ़न मौला नमन धीर की सराहना करते हुए कहा कि दबाव की परिस्थितियों में उनका शांत और संयमित स्वभाव टीम के लिए काफी अहम है भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफपहले टी20 मुकाबले में 226 रन के लक्ष्य का सफ़लतापूर्वक पीछा कियाए जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का अब तक का सबसे बड़ा सफल लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड है। संजू सैमसन की 67 रन की तूफ़ानी पारी के बाद अय्यर और नमन धीर ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। अय्यर ने 28 गेंदों पर 42 रन बनाएए जबकि नमन ने महज 15 गेंदों पर नाबाद 42 रन की पारी के साथ भारत की जीत सुनिश्चित की।

ब्रुक के दोहरे शतक पर श्रीलंका ने फेरा पानी

रावलपिंडी। हैरी ब्रुक का शानदार दोहरा शतक 202 रन भी इंग्लैंड के काम ने आया और उसे त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने चार विकेट पर 429 रन बनाये जवाब में श्रीलंका ने एक गेद पहले आठ विकेट पर 430 रन बना कर मैच जीत लिया श्रीलंका की ओर सेअविषका फर्नान्डो ने 97 पवन रत्नायके ने 130 दासुल शनाका ने 97 जनिथ लियांगे ने नाबाद 61 रनों का योगदान दिया। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने तीन विकेट लिया इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रुक ने सबसे तेज वनडे दोहरा शतक लगा दिया है ब्रुक ने 116 गेंदों पर 202 रन की पारी में 21 चौके और 10 छक्के लगाए। वे वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज बने। इस पारी के चलते ब्रुक ने भारत के शुभमन गिल का रिकॉर्ड तोड़ा। गिल ने 21 दिन पहले 30 सितंबर को वेस्टइंडीज के खिलाफ 117 बॉल पर डबल सेंचुरी लगाई थी। वनडे क्रिकेट में अब तक 14 दोहरे शतक लग चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा 7 भारतीयों ने लगाए हैं। पहला दोहरा शतक सचिन तेंदुलकर ने 2010 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ ग्वालियर में लगाया था।

पैरालंपिक में भारत का सोना बटोरो अभियान जारी



नागोया। भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी ने दो घंटे से भी कम समय में दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया जबकि एथलेटिक्स दल ने यहां एशियाई पैरा खेलों में भारत के पदकों की संख्या 88 तक पहुंचाने में सबसे अहम योगदान दिया मौजूदा विश्व चैंपियन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज 19 वर्षीय शीतल ने सबसे पहले तोमन कुमार के साथ मिलकर मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक बरकरार रखा। भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया की तेओडोरा ऑडी आयुडिया फेरेली और केन स्वागुमिलंग को 151-148 से हराया। इसके बाद शीतल ने चार अंक से पिछड़ने के बावजूद सिंगापुर की अलीम नूर शाहिदा को 142-139 से हराकर व्यक्तिगत स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह मुकाबला हांगझोउ में 2023 में हुए पिछले सत्र के व्यक्तिगत फ़ाइनल का दोहराव था। भारत के लिए दिन की शुरुआत शानदार रही। सुवर्णा राज ने महिलाओं की एफ54 चक्का फेंक स्पर्धा में 15.66 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। व्हीलचेयर पर निर्भर 44 वर्षीय खिलाड़ी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार बार चक्का 15 मीटर से अधिक दूर फेंका और अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। दिन बढ़ने के साथ भारत की पदक तालिका में और इजाफा हुआ। भारत के कुल पदकों की संख्या 88 हो गई है जिसमें 21 स्वर्ण 26 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। पैरा तैराकी पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस में भी भारतीय खिलाड़ियों ने पदक जीते। भारत के पदकों में पैरा एथलेटिक्स का योगदान सबसे अधिक रहा है। इस प्रतियोगिता में भारत ने 18 स्वर्ण 16 रजत और 18 कांस्य सहित कुल 52 पदक जीते हैं दिन के प्रमुख प्रदर्शनों में शैलेश कुमार की अगुवाई में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों का क्लीन स्वीप और महिलाओं तथा पुरुषों की 400 मीटर टी47 दौड़ में क्रमश अंजनाबेन बुंबाडिया और दिलीप महादू गावित के स्वर्ण पदक शामिल रहे। बुंबाडिया ने महिलाओं की 400 मीटर टी47 दौड़ में 59.97 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता जबकि भारत की जयंत बेहेडा एक मिनट 0.65 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

गकेबेरहा । दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 31 रनों से हराया। इस तरह तीनों की टेस्ट सीरीज 1-1 की बराबरी पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में ट्रेविस हेड ने शतक जड़ाए लेकिन वह भी टीम को इस हार से नहीं बचा सके। पहली पारी में 425/9 का विशाल स्कोर बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उसकी पहली पारी में सिर्फ99 रन पर ढेर कर दिया था। दक्षिण अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया था जिसके बाद दूसरी पारी पांचवें दिन 295 रन पर ऑलआउट कर दी।

सिंधू -अश्मिता क्वार्टर फाइनल में

पेरिस। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने बृहस्पतिवार को यहां 950000 डॉलर इनामी फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली सिंधू और अश्मिता ने जापान की खिलाड़ियों क्रमश रिको गुंजी और अकाने यामागुची को सीधे गेम में हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। गैर वरीय अश्मिता दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले में दुनिया की नंबर दो और तीसरी वरीयता प्राप्त यामागुची को 37 मिनट में 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। इसके बाद सिंधू ने 44 मिनट तक चले मुकाबले में गुंजी को 21-12, 21-16 से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।